संचार मंत्रालय
MINISTRY OF
COMMUNICATIONS

सत्यमेव जयते

माननीय संचार मंत्री का संदेश

मार्च, 2026 संस्करण,

नमस्कार,

भारत तीव्र और व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा। साथ ही, देश ने सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है। जैसे-जैसे हम इस निरंतर बदलते कालखंड में आगे बढ़ रहे हैं, यह आवश्यक है कि हमारे संस्थान तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था और आपस में सघन रूप जुड़े समाज की आशाओं-अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए खुद को तैयार करें। भारतीय डाक, अपनी व्यापक पहुंच और नागरिकों के भरोसे की अपनी विरासत के बल पर नित नए उद्देश्यों और नवाचार के माध्यम से देश की इस विकास यात्रा में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है।

बदलाव की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, 17 मार्च 2026 को तीन नई प्रीमियम सेवाओं: 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल और 48 स्पीड पोस्ट का शुभारंभ किया गया, जो हमारे लिए अत्यंत सम्मान और गौरव का विषय है। ये पहलें नागरिकों और व्यवसायों को समान रूप से समयबद्ध, विश्वसनीय और प्रौद्योगिकी-सक्षम लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। ये सेवाएं 'समय-रेंज' आधारित पारंपरिक डिलीवरी मॉडल से हटकर 'समयबद्ध' डिलीवरी के युग में प्रवेश के रूप में निर्णायक बदलाव को परिलक्षित करती हैं। 24 स्पीड पोस्ट और 24 स्पीड पोस्ट पार्सल के तहत अगले ही दिन डिलीवरी, और 48 स्पीड पोस्ट के माध्यम से दो दिन के भीतर डिलीवरी सेवा प्रदान कर, भारतीय डाक दक्षता तथा सेवा मानदंडों के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। रियल-टाइम ट्रैकिंग, ओटीपी-आधारित सुरक्षित डिलीवरी और 'लॉजिस्टिक्स शृंखला के भीतर प्राथमिकता प्रबंधन' के माध्यम से ग्राहकों को निर्बाध और विश्वसनीय सेवा अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित छह प्रमुख महानगरों में आरंभिक रोलआउट के पश्चात अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। लॉन्च के पहले कुछ दिनों के भीतर ही, इन सेवाओं की यह जबरदस्त मांग; विश्वसनीय और त्वरित सेवा प्रदान करने की भारतीय डाक की क्षमता पर ग्राहकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। ये शुरुआती परिणाम इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारे प्रयास आधुनिक, डिजिटल अर्थव्यवस्था की उभरती जरूरतों के अनुरूप हैं।

इन प्रीमियम पहलों का मुख्य उद्देश्य, निरंतर प्रगतिशील ई-कॉमर्स इकोसिस्टम और थोक ग्राहकों को डोरस्टेप पिकअप, क्रेडिट सुविधाएं तथा सेवा इंसेंटिव जैसे अनुकूलित समाधानों के माध्यम से सहूलियत प्रदान करना है। विभाग द्वारा '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' सेवा की शुरूआत; जिसके अंतर्गत उच्च प्रचालन दक्षता के बल पर अगले ही दिन पार्सल डिलीवरी सेवा प्रदान की जाती है, देश के कोने-कोने में लॉजिस्टिक्स सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि इस पहल का चरण-2 सितंबर 2026 तक निष्पादित किया जाएगा और इन सेवाओं का महानगरों के बाहर भी विस्तार किया जाएगा। इसके अंतर्गत, भारतीय डाक नए मार्गों को जोड़कर तथा टियर-1 तथा टियर-2 शहरों तक कवरेज को बढ़ाकर; कनेक्टिविटी तथा सेवा सुलभता के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित करने का कार्य करेगा। सेवा कवरेज में यह विस्तार, देशभर में बाजारों तक पहुंच को आसान बनाएगा, व्यवसायों को मजबूती प्रदान करेगा और नागरिकों के लिए ऐसी त्वरित सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस पहल का मूल उद्देश्य, भारतीय डाक को आधुनिक, प्रतिस्पर्धी और ग्राहक-केंद्रित लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता के रूप में पुनर्परिभाषित करना है। हम गति, विश्वसनीयता, तकनीकी नवाचार और अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के अनूठे संगम के बल पर न केवल लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ कर रहे हैं बल्कि ई-कॉमर्स, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और रिटेल जैसे समर्थकारी क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं।

इस परिवर्तन को धरातल पर उतारने में हमारे डाक-कार्यबल के अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता का निःसंदेह महत्वपूर्ण योगदान है, जो सार्वजनिक सेवा के उच्चतम मानकों को अक्षुण्ण रखते हुए नवाचारों का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने में अपरिहार्य भूमिका निभाते हैं।

मुझे विश्वास है कि भारतीय डाक, लोगों को जोड़ने और व्यवसायों को मजबूती प्रदान करने वाली त्वरित, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाओं की डिलीवरी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में भरोसेमंद भागीदार के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेगा।

शुभकामनाओं सहित,

ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया
संचार मंत्री, भारत सरकार